दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 16 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 48

महत्वपूर्ण एवं खास

गुजरात में एटीएस और एनसीबी का बड़ा ऑपरेशन, पोरबंदर के समंदर में 700 करोड़ से अधिक की ड्रग्स जब्त

पोरबंदर (आरएनएस)। भारतीय कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने शुक्रवार को गुजरात के पोरबंदर तट से करीब 500 किलो ड्रग्स की जब्ती की है। इस ड्रग्स की कीमत 700 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को विशेष ऑपरेशन के तहत की गई, जिसमें दिल्ली एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की खुफिया जानकारी की मदद ली गई। जांच एजेंसियों के अनुसार, दिल्ली एनसीबी को इस ड्रग्स के बारे में पुख्ता जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके बाद गुजरात एनसीबी, कोस्ट गार्ड और भारतीय नौसेना ने मिलकर इस बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स से भरी बोट को पोरबंदर तट पर लाया जा रहा है, और जल्द ही इस मामले की विस्तृत जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की जाएगी। इस कार्रवाई को लेकर सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मच गई है, क्योंकि यह ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेपों में से एक मानी जा रही है। इस ऑपरेशन के बाद, ड्रग्स के स्रोत और तस्करी नेटवर्क की जांच तेज कर दी गई है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह ड्रग्स कहां से लाए गए थे और इनका असली लक्ष्य क्या था। हालांकि, बोट को पोरबंदर लाए जाने के बाद अधिकारियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस ऑपरेशन के बारे में अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

थाईलैंड की युवती पर फायरिंग का मामला : आरोपी ध्रुव की मुलाकात एक साल पहले, होटल संचालक पर केस दर्ज

उदयपुर (आरएनएस)। उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में थाईलैंड की युवती पर हुई फायरिंग के मामले ने सनसनी मचा दी है। आरोपी ध्रुव सुहालका ने करीब एक साल पहले थाईलैंड में युवती से मुलाकात की थी। इस दौरान युवती ने गुजरात में ध्रुव का कई बार आना-जाना बताया, जिस पर ध्रुव ने अपने दोस्त अक्षय खूबचंदानी को इस बारे में बताया। इसके बाद चारों ने मिलकर युवती को उदयपुर बुलाने की योजना बनाई। युवती के उदयपुर आने पर चारों ने उसे रत्नम होटल में बुलाया, जहां शराब पार्टी के दौरान युवती ने राहुल गुर्जर को नाखून से नोंच लिया। गुस्से में आकर राहुल ने अलमारी से पिस्टल निकालकर युवती पर फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी युवती को घायल अवस्था में अस्पताल छोड़ फरार हो गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि राहुल ने पिस्टल हरियाणा से खरीदी थी और भागते समय उसे रास्ते में फेंक दिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और पिस्टल की तलाश जारी है। इसी बीच, होटल वीर पैलेस के संचालक पर भी विदेशी नागरिक अधिनियम का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि उन्होंने थाईलैंड से आई युवती के ठहरने की जानकारी सीआईडी शाखा में नहीं दी थी।

दुश्मन देशों की नींद उड़ी

भारत ने पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का किया सफल परीक्षण

फ्रांस ने भी दिखाई खरीदने में रुचि

नई दिल्ली | आरएनएस

भारत ने पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन परीक्षणों के दौरान राकेटों के व्यापक परीक्षण के माध्यम से 'प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट यानी पीएसक्यूआर के मापदंडों, जैसे कि रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और सैल्वो मोड (सैल्वो तोपखाने या आग्नेयास्त्रों का एक साथ इस्तेमाल है, इसमें लक्ष्य को भेदने के लिए तोपों से गोलीबारी शामिल है) में कई लक्ष्यों पर निशाना साधने की दर का आकलन किया गया है।

12 राकेटों का किया गया परीक्षण

बयान में आगे कहा गया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पीएसक्यूआर वेलिडेशन टेस्ट के भाग के रूप में निर्देशित पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि लांचर उत्पादन एजेंसियों द्वारा अपग्रेड किए गए दो इन-सर्विस पिनाक लांचर से कुल बारह राकेटों का परीक्षण किया गया है।

पिनाक हथियार सिस्टम, दुश्मनों के लिए काल बनकर टूटेगा। इसकी मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अब ये 75 किलोमीटर दूर तक 25 मीटर के दायरे में सटीक निशाना लगा सकता है। इसकी रफ्तार 1000-1200 मीटर प्रति सेकेंड है, यानी एक सेकेंड में एक किलोमीटर। फायर होने के बाद इसे रोकना नामुमकिन है। पहले पिनाक की मारक क्षमता 38 किलोमीटर थी, जो अब बढक़र 75 किलोमीटर हो जाएगी। इसकी सटीकता भी पहले से कई गुना बेहतर हुई है।

84 गंगा घाटों पर 25 लाख दीयों से जगमगाई काशी, सीएम योगी ने एक सांस में 3 मिनट किया शंखनाद

वाराणसी | आरएनएस

दीपावली मनाने के लिए काशी में पर्यटकों का रेला लगा है। देश-दुनिया के सभी लोगों की नजर काशी की देव दीपावली पर टिकी हुई है। सभी घाट दीपों से जगमग हो गए हैं। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट का लोकार्पण किया। इस दौरान हर- हर महादेव का जयकारा लोग लगाते रहे। काशी में मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा रहे हैं। आतिशबाजी से आसमान रंगा नजर आया। आरती स्थल दशाश्वमेध और अस्सी घाट पर टूरिस्ट की भीड़ है। देव दीपावली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आए हैं। अनुमान के मुताबिक, दुनियाभर से 15 लाख लोग काशी पहुंचे हैं। मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट पर पहला दीया जलाया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने भी दीप जलाए।

रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग हुई काशी

देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी के घाटों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। काशी के 84 गंगा घाटों पर दीप जलाए गए हैं। इस दौरान देव दीपावली का भव्य आयोजन देखने के लिए देश भर से लोग काशी पहुंचे हैं।

अंधविश्वास का घिनौना चेहरा : मां ने दी अपनी ही बेटी की बलि, सीना चीरकर निकाला दिल; फिर वहीं दफन कर दी लाश

पलामू | आरएनएस

झारखंड के पलामू जिले से एक बेहद ही दर्दनाक और हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक मां ने अंधविश्वास के चक्कर में अपनी डेढ़ साल की मासूम बेटी की बलि दे दी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के खरारपर गांव की है। आरोपी मां का नाम गीता देवी है और मृतक बच्ची का नाम परी कुमारी है। पुलिस के अनुसार, गीता देवी ने सिद्धि प्राप्त करने के लिए अपनी बेटी का सीना चीरकर दिल निकाला और फिर तंत्र पूजा की। इसके बाद उसने बच्ची की लाश को वहीं दफन कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से परेशान थी और किसी ने उसे बताया था कि तंत्र-मंत्र के जरिए वह अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती है। इसी अंधविश्वास के चक्कर में उसने यह जघन्य अपराध किया। आरोपी महिला का पति अरुण राम दिल्ली में नौकरी करता है। उसे भी इस घटना की सूचना दे दी गई है। महिला की सास कौशल्या देवी ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोग इस घटना से बेहद आक्रोशित हैं और आरोपी महिला को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। यह घटना एक बार फिर अंधविश्वास के खतरों को उजागर करती है। अंधविश्वास के नाम पर कई बार लोग ऐसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं, जिसका खामियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ता है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी महिला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर हमें सचेत करती है कि हमें अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए और तार्किक सोच अपनानी चाहिए।

अब छात्र 2 साल में ही कर सकेंगे ग्रेजुएशन', डिग्री के बीच भी ले सकेंगे ब्रेक

नई दिल्ली | आरएनएस

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने छात्रों को सुविधा प्रदान की है। यूजीसी ने ग्रेजुएशन प्रोग्राम को और आसान बना दिया है। जिस कारण छात्र दो या ढ़ाई साल में ग्रेजुएशन कर सकते है।

यूजीसी चेयरमैन एम.जगदीश कुमार ने कहा कि कोई भी स्टूडेंट अपने सिलेबस का टाइम ड्यूरेशन अब घटा-बढ़ा सकता है। ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम जो 3 से 4 साल का होता है, उसे स्टूडेंट्स घटाकर दो-ढाई साल का भी कर सकते हैं। इसके साथ ही कमजोर स्टूडेंट्स अपने ग्रेजुएशन प्रोग्राम का समय बढ़ाकर 5 साल तक कर सकते हैं। यूजीसी चेयरमैन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर ऑटोनॉमस कॉलेजों के लिए साउथ जोन समिट के मौके पर आईआईटी-मद्रास पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामाकोटी ने एक नई स्कीम का सुझाव दिया था और इसे यूजीसी ने मंजूरी दे दी है। इससे पहले कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर यूजीसी चेयरमैन ने कहा कि ऑटोनॉमस कॉलेज और इंस्टीट्यूट कम्युनिकेशन के लिए इंग्लिश का इस्तेमाल करते हुए पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा रखें। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के स्टूडेंट्स को मदद मिलेगी और सीखने का बेहतर मौका मिलेगा।

डिग्री के बीच भी ले सकते हैं ब्रेक

डिग्री के बीच ब्रेक भी ले सकते हैं स्टूडेंट्स इससे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यूजीसी डिग्री के बीच में ब्रेक लेने का ऑप्शन भी स्टूडेंट्स के लिए ला चुका है। अगर कोई स्टूडेंट चाहे तो वह कोर्स से ब्रेक ले सकता है और बाद में वापस आकर इसे पूरा कर सकता है। इसके साथ ही जगदीश कुमार ने कहा कि 12-13 नवंबर को दिल्ली में हायर एजुकेशन की बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीप 2020 की प्रोग्रेस को रिव्यू किया है और इसे लागू करने की बात कही है।

हाईवे पर टकराए तीन वाहन, मेदांता के डॉक्टर व स्टाफ समेत तीन की मौत

❒ भीषण दुर्घटना में 15 लोग घायल, कुढ़ा सादात गांव के समीप हुई दुर्घटना

अयोध्या | आरएनएस

अयोध्या-लखनऊ फोरलेन पर शुक्रवार भोर आपस में तीन वाहनों के जबरदस्त टक्कर में 3 लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि 15 घायलों को एम्बुलेंस व पुलिस की आपसी मदद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में भर्ती कराया गया है। जहां दो घायलों की हालत लगातार बिगडऩे पर जिला अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। हादसा शुक्रवार भोर उस समय हुआ जब ट्रक अपने गंतव्य के लिए मुड़ रहा था। घना कोहरा पडऩे से दृश्यता काफी प्रभावित थी। रुदौली पुलिस के मुताबिक मरने वाले सभी मेदांता अस्पताल लखनऊ के स्टॉफ थे जो कार्तिक पूर्णिमा पर अयोध्या दर्शन में जा रहे थे। जबकि ट्रैवलर सवार लोग कानपुर से बारात गोरखपुर जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक दुर्घटना रुदौली कोतवाली की पुलिस चौकी भेलसर अन्तर्गत फोरलेन स्थित कूड़ा सादात स्थान पर बने कट पर ट्रक मुडऩे के दौरान हुई। घना कोहरा होने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समय एक ट्रक कूड़ा सादात कट पर मुडऩे लगा। तभी पहुंची कार ट्रक में टकरा गई और पीछे से सवारियों को लेकर जा रही ट्रैवलर बस भी भीड़ गई। तीनों वाहनों की जोरदार टक्कर से 18 लोग घायल हो गए।

हाइवे पर तीनों वाहनों के टक्कर से हुए तेज धमाके के चलते स्थानीय लोगों का ध्यान उधर गया। हाइवे पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग और राहगीर मदद में पहुंच गए। एम्बुलेंस और पुलिस को मोबाइल फोन से सूचना देते हुए राहत एवं बचाव में जुट गए। सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 तथा भेलसर चौकी पुलिस पहुंच गई। फिर एम्बुलेंस और लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच कर 02 युवतियों और एक घायल को मृत घोषित कर दिया है। दो लोगों की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

हादसे में मृतकों में डॉक्टर मो.हुसैन (30)पुत्र अली रजा निवासी ग्राम सेमरी थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया, मृतका 25 वर्षीय रचना पुत्री धर्मवीर निवासी मीरुआ मढ़आ उमर्दा कन्नौज तथा 24 वर्षीय उपासना सिंह पुत्री राकेश सिंह निवासी भदुरिया लोहागढ़ कन्नौज हैं। वहीं गम्भीर घायलों में स्नेहा और नीतू को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य घायलों सुनील जायसवाल, संदीप जायसवाल, वंदना जायसवाल, आशीष जायसवाल, गौरी जायसवाल, श्रुति जायसवाल, गरिमा जायसवाल, रीना जायसवाल, तृप्ति जायसवाल, पूजा जायसवाल, रणधीर सिंह , मीना देवी, पीहू हैं। बताया जा रहा कि ये सभी ट्रेवलर पर थे।

रुड़की में सड़क हादसा, पलटा वाहन, 4 की मौत

रुड़की | आरएनएस

उत्तराखंड के रुडक़ी में गुरुवार देर रात हुए सडक़ हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल बताए जा रहे हैं। सभी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो में सवार हो लोग विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रुडक़ी के चंद्रपुरी जा रहे थे। इस दौरान मंगलौर में अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक गांव के नौ युवक एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान मंगलौर के पास पहुंचते ही गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस की टीम पहुंची, उन्होंने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, एसपी देहात स्वप्न किशोर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बारे में स्वास्थ्य जानकारी ली। सडक़ दुर्घटना को लेकर एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि बारात में शामिल होने के लिए वाहन में सवार होकर कुछ लोग आ रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया की घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

झारखंड में पीएम मोदी के विमान में आई तकनीकी खराबी, देवघर एयरपोर्ट पर रोका गया

रांची | आरएनएस

झारखंड से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां चुनावी रैली के लिए पहुंचे पीएम मोदी के विमान में तकनीकी खराबी आ गई। जिस कारण विमान को देवघर हवाई अड्डे पर ही रोकना पड़ा।

हालांकि इससे पहले पीएम मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वो है, जिसने देश की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों साल की लड़ाई को नेतृत्व दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ से भरी सियासत थी। सियासत ये थी कि देश की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए। मगर, अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई है तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था? संथाल क्रांति क्या थी? कोल क्रांति क्या थी?

प्रधानमंत्री ने कहा, संस्कृति हो या फिर सामाजिक न्याय, एनडीए सरकार का मानक अलग है। मैं इसे भारतीय जनता पार्टी ही नहीं बल्कि एनडीए का सौभाग्य मानता हूं कि हमें द्रौपदी मुर्मू जी को देश का राष्ट्रपति बनाने का मौका मिला। वो देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। आज जिस पीएम जनमन योजना में अनेक काम शुरू हुए हैं, उसका श्रेय भी राष्ट्रपति मुर्मू को ही जाता है।

पंजाब पुलिस ने नशा और हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया; 8.2 किलो हेरोइन और चार पिस्तौल सहित दो काबू

चंडीगढ़ | आरएनएस

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सीमा पार से नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीमों ने उनके पास से 8.27 किलोग्राम हेरोइन, 6 किलोग्राम अफीम, 13.1 किलोग्राम रसायन और आधुनिक 9एमएम ग्लॉक सहित 4 पिस्तौल और 17 कारतूस बरामद किए। यह जानकारी आज पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब, श्री गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आदित्य प्रताप उर्फ काका (23), निवासी भल्ला कॉलोनी छेहर्टा, अमृतसर, और शंभू कबीर (35), निवासी प्रेम नगर, कोट खालसा, अमृतसर के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि दोनों आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं, जब कि शंभू कबीर हत्या के एक मामले में भी वांछित है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई से जांच जारी है और अन्य संबंध स्थापित किए जा रहे हैं। इस संबंधी ओर जानकारी देते , पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर, गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आदित्य उर्फ काका के हथियारों की तस्करी में शामिल होने संबंधी भरोसे योग सूत्रों पर कार्रवाई करते हुए थाना इस्लामाबाद की पुलिस टीमों ने जाल बिछा कर उसको कोट खालसा, अमृतसर के प्रेम नगर रोड स्थित एक बंद भ_ से काबू किया। उसके पास से दो पिस्तौल (.32 बोर और .30 बोर) और 13 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

उन्होंने बताया कि इस मामले की आगामी जांच के दौरान आरोपी शंभू कबीर का नाम सामने आया। पुलिस ने उसे नामजद कर तुरंत गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की। शंभू कबीर को गुरु की वडाली रोड स्थित पुराने गैस गोदाम से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर 275 ग्राम हेरोइन, 11.1 किलोग्राम हेरोइन बनाने में उपयोग होने वाला कैमिकल और .32 बोर की एक पिस्तौल बरामद हुई। सीपी ने आगे बताया कि आदित्य उर्फ काका की निशानदेही पर 5 किलो और 3 किलो हेरोइन के दो पार्सल, 2 किलो कैमिकल 6 किलो अफीम और 9एमएम ग्लॉक पिस्तौल सहित एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी होने की उम्मीद है।

इस संबंधी आरोपियों के खिलाफ तीन विभिन्न केस किए गए हैं जिनमें . एफआईआर नंबर 240 (6/11/23) – आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत, थाना इस्लामाबाद। एफआईआर नंबर 247 (13/11/24) – एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 और 21-सी, थाना इस्लामाबाद में और एफआईआर नंबर 246 (13/11/24) – एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी, थाना इस्लामाबाद में दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियों और बरामदगियों की संभावना जताई है।